पटना में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाने का काम शुरू

चर्चा में क्यों?

14 दिसिंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार पटना जंक्शन के पास स्मार्ट सिटी की एक महत्त्वाकांक्षी योजना मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाने का काम शुरू हो गया है। योजना के तहत इस पर लगभग 67 करोड़ खर्च होंगे।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार पटना जंक्शन के पास बकरी बाज़ार वाली जगह पर लगभग 38 एकड़ में ट्रांसपोर्ट हब बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। यहाँ अंडरग्राउंड, ग्राउंड, फस्ट और सैकेंड फ्लोर मिलाकर कुल चार फ्लोर में लगभग 296 वाहनों को लगाने की क्षमता रहेगी।
- स्मार्ट सिटी के इस प्रोजेक्ट को भवन निर्माण निगम की ओर से बनाने का काम शुरू किया गया है। गोविंदा कंस्ट्रक्शन नाम की कंपनी इस प्रोजेक्ट को तैयार करेगी। कंपनी को जून 2023 में ही इस प्रोजेक्ट को पूरा करना है।
- गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से स्मार्ट सिटी की सभी योजनाओं को अगले वर्ष जून तक पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं, इसलिये सभी प्रोजेक्टों पर तेजी से काम पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।
- मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब से पटना जंक्शन पहुँचने के लिये 440 मीटर सब-वे का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 340 मीटर भूमिगत रहेगा। सब-वे में एस्केलेटर, ट्रैवलेटर और वॉकवे, अग्निशामक, लाइट, एलइडी स्क्रीन और ड्रेनेज सिस्टम होंगे। इससे लोग सीधे जंक्शन परिसर (पुराना दूध मार्केट) निकल जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/multi-modal-transport-hub